श्री आर.एम अग्रवाल, आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया

संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के आदेशानुसार, श्री आर.एम. अग्रवाल, निदेशक-विपणन ने श्री के. अलगेसन, निदेशक-उत्पादन के साथ अतिरिक्त प्रभार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सेवानिवृति पश्चात्, 1 अक्टूबर, 2019 से आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रुप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया ।

सरकार द्वारा नामित, निदेशक के रूप में श्री राकेश मोहन अग्रवाल 08 जून, 2016 को कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल हुए । उन्हें निदेशक-विपणन के रूप में आईटीआई लिमिटेड में नियुक्त किया गया और 27 अप्रैल, 2018 को उन्होंने पदभार ग्रहण किया । उन्हें दूरसंचार सेवाओं के नीति निर्माण, मानकीकरण योजना, संचालन और रखरखाव के क्षेत्र में 28 से अधिक वर्षों का अनुभव प्राप्त है ।

उन्होंने मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोरखपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग की स्नातक डिग्री और रुड़की विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री और इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय से व्यवसाय प्रशासन में मास्टर डिग्री प्राप्त की है ।